futuretopper.in

Series CAB2D/2

SET-1

प्रश्न–पत्र कोड **4/2/1**

रोल नं. | | | | | | | | |

परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र कोड को उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न–पत्र में **18** प्रश्न हैं ।
- प्रश्न–पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न–पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर–पुस्तिका के मुख–पृष्ठ पर लिखें ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर–पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न–पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न–पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न–पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर–पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

हिन्दी (ब)
HINDI (B)

निर्धारित समय : 3 घण्टे

अधिकतम अंक : 80

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :

(i) *इस प्रश्न-पत्र में कुल **18** प्रश्न हैं । सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य हैं ।*

(ii) *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड-'अ'** और **खंड-'ब'** ।*

(iii) ***खंड-'अ'** में उपप्रश्नों सहित **45** बहुविकल्पी /वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल **40** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

(iv) ***खंड-'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

(v) *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए ।*

(vi) *यथासंभव **दोनों** खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*

खंड – 'अ'

(बहुविकल्पी/वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

आज पूरी दुनिया में व्यापक जल संकट है । एक तरफ हिमनद (ग्लेशियर) का पिघलना और दूसरी तरफ बाढ़-सुखाड़ का बढ़ना आम होता जा रहा है । आमतौर पर नदियों में पानी घट रहा है । हिमनद जब पिघलता है, तो ऊपर नदियों के उद्गम के पास ही लोग उसका उपयोग कर लेते हैं । हिमनदों के पिघलने के कारण हमारे समुद्रों पर भी उसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है । नदियों में जो सतत प्रवाह है, उसमें भी धीरे-धीरे संकट बढ़ता जा रहा है । जल-स्रोत संकट में आते जा रहे हैं । यह जो जल-स्रोत का संकट है, उससे बचने के उपाय भी बहुत साफ हैं । जहाँ हिमनद पिघल रहे हैं, उनके आस-पास जंगलों का होना जरूरी है । जंगल नहीं होते हैं, तो सूरज से आने वाली लाल गरमी वहाँ का तापमान बढ़ा देती है और उस तापमान के चलते हिमनद और तेजी से पिघलकर नीचे आने लगते हैं । जब वहाँ जंगल होते हैं, तो सूरज से आने वाली गरमी से धरती तपती नहीं है, उसे बुखार नहीं चढ़ता । हिमनदों के आस-पास के इलाकों में हरियाली बढ़ाना अब बहुत जरूरी है । इन इलाकों में होने वाले कटाव को भी रोकना चाहिए ।

आज नदियों और तालाबों की स्थिति भी अच्छी नहीं है । अधिकतर नदियाँ सूख गई हैं और जो बची हैं, वे मैला ढोनेवाली मालगाड़ी बन गई हैं । जिस देश में नदियाँ सूखती हैं, वहाँ की सभ्यता भी सूखने लगती है । नदियों का हमारी सभ्यताओं और जीवन से गहरा रिश्ता है ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(i) उपर्युक्त गद्यांश में लेखक की चिंता का विषय है –

(A) पिघलते हिमनद (B) घटते वन प्रदेश

(C) प्रदूषित होती नदियाँ (D) बढ़ता जल संकट

(ii) गद्यांश के आधार पर ग्लेशियरों के पिघलने का कारण है –

(A) धरती का बढ़ता तापमान (B) बढ़ती प्राकृतिक आपदाएँ

(C) नदियों का सूख जाना (D) जल स्रोत का बढ़ता संकट

(iii) 'उसे बुखार नहीं चढ़ता' से अभिप्राय है –

(A) उसकी सेहत खराब नहीं होती ।

(B) मौसम का मिज़ाज नहीं बिगड़ता ।

(C) उसका (धरती का) तापमान नहीं बढ़ता ।

(D) वह हरी-भरी बनी रहती है ।

(iv) निम्नलिखित में नदियों और सभ्यता के बीच के रिश्ते के विषय में क्या असत्य है ?

(A) दोनों एक-दूसरे पर आश्रित हैं ।

(B) नदियों के किनारे ही सभ्यता का विकास हुआ है ।

(C) नदियों के न रहने से सभ्यता का अंत निश्चित है ।

(D) विश्व की प्राचीन सभ्यता नदियों के किनारे ही पनपी ।

(v) 'दो तिहाई नदियाँ मैला ढोनेवाली मालगाड़ी बन गई हैं' –

पंक्ति का आशय है –

(A) अत्यधिक गर्मी के कारण सूख गई हैं । (B) प्रदूषण के कारण काली पड़ गई हैं ।

(C) ये नदियाँ शहरी कचरा ढो रही हैं । (D) मालगाड़ी की तरह चल रही हैं ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

प्रायः ऐसा होता है, कोई भी वक्तव्य सुनने के बाद जब सुनने वालों से पूछें कि क्या बोला गया है, तो सौ लोगों के सौ जवाब मिलते हैं; जितने सुनने वाले, उतने ही अर्थ । इसलिए आपस में बड़े विवाद भी होते हैं । बुद्ध से एक बार उनके शिष्य ने पूछा, 'क्या हम वही सुन पाते हैं, जो आप बोलते हैं ? जब मैं दूसरों से बात करता हूँ, तो पता चलता है कि उन्होंने कुछ और सुना, जबकि मैंने कुछ और ।' बुद्ध ने कहा, "यह स्वाभाविक है । बोली तो एक ही बात जाती है, लेकिन सुनी उतनी जाती है जितने सुनने वाले हैं, क्योंकि तुम मन से सुनते हो, आत्मा से नहीं । कल रात मैंने अंतिम प्रवचन के बाद कहा कि–उठो; रात्रि का अंतिम कार्य करो । कल समागम में एक चोर और एक गृहस्थ भी आए थे । जब मैंने कहा कि अब रात्रि के अंतिम काम में संलग्न हो जाओ, तब तुम्हें ख्याल आया ध्यान का, चोर ने सोचा कि काफी रात हो गई, चाँद ऊपर चढ़ गया है, अब चौर्यकर्म का वक्त हुआ । गृहस्थ ने सोचा, बहुत देर हो गई, पता नहीं, घर जाने के लिए कोई वाहन अब मिलेगा भी या नहीं ? मैंने एक ही बात कही थी । गृहस्थ ने अपना अर्थ लिया और चोर ने अपना । फिर भिक्षुओं ने भी इसके अलग–अलग अर्थ ही लिए होंगे ।

सुनना बहुत कठिन बात है, क्योंकि सुनने की कला वास्तव में कभी सिखाई नहीं जाती । बोलने की कला के तो बड़े प्रशिक्षण दिए जाते हैं । मगर यदि सुनने वाले सही न हों तो अर्थ का अनर्थ हो जाता है । सुनने के लिए आपका मन शांत और स्वीकार भाव में होना चाहिए ।

(i) कहे गए वक्तव्य का, अलग–अलग लोगों द्वारा अलग–अलग जवाब क्यों मिलता है ?

(A) प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपनी मनःस्थिति के अनुरूप अर्थ लगाने के कारण

(B) प्रत्येक व्यक्ति द्वारा अपनी योग्यता के अनुरूप अर्थ लगाने के कारण

(C) कही गई बात को ध्यान से न सुन पाने के कारण

(D) कही गई बात का महत्त्व न जानने के कारण

(ii) गद्यांश के आधार पर लोगों के बीच विवाद का कारण है –

(A) कही गई बात का अर्थ न समझ पाना । (B) स्वयं को दूसरे से श्रेष्ठ सिद्ध समझना ।

(C) अपनी ही बात को सही ठहराना । (D) अपने सामने दूसरों को महत्त्व न देना ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(iii) शिष्य द्वारा बुद्ध से क्या पूछा गया ?

(A) संसार में लोगों के दुखों का कारण

(B) लोगों के बीच आपसी विवाद का कारण

(C) दो व्यक्तियों के बीच भिन्नता का कारण

(D) कही गई एक ही बात के भिन्न अर्थ ग्रहण करने का कारण

(iv) गृहस्थ की चिंता का क्या कारण था ?

(A) रात का काफी समय बीत जाना । (B) वाहन के न मिलने की आशंका ।

(C) बुद्ध की बातों का अर्थ न समझ पाना । (D) देर रात्रि में अकेले घर जाना ।

(v) सुनने के लिए आवश्यकता है –

(A) वक्ता की बात में स्पष्टता की

(B) आसपास के वातावरण में शांति की

(C) सहज सरल शब्दों में बात कही जाने की

(D) मन के शांत और स्वीकार भाव में होने की

3. निर्देशानुसार पदबंध पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'तब उनके भाई की पत्नी ने रूखा-सूखा खाना लाकर उनके सामने परोस दिया ।' इस वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद है –

(A) संज्ञा पदबंध (B) विशेषण पदबंध

(C) क्रिया पदबंध (D) क्रिया-विशेषण पदबंध

(ii) 'गाँव के कुछ पेटू और चटोर किस्म के लोग प्रसाद पाने के लिए वहाँ जुट जाते ।' – इस वाक्य में विशेषण पदबंध का उदाहरण है –

(A) पेटू और चटोर किस्म के लोग (B) चटोर किस्म के लोग

(C) पेटू और चटोर किस्म के (D) प्रसाद पाने के लिए

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(iii) निम्नलिखित में से क्रिया-विशेषण पदबंध का उदाहरण है :

(A) रमेसर के भाइयों ने रमेसर की विधवा को बहला-फुसलाकर ज़मीन अपने नाम लिखवा ली ।

(B) रमेसर के भाइयों ने रमेसर की विधवा को बहला-फुसलाकर ज़मीन अपने नाम लिखवा ली ।

(C) रमेसर के भाइयों ने रमेसर की विधवा को बहला-फुसलाकर ज़मीन अपने नाम लिखवा ली ।

(D) रमेसर के भाइयों ने रमेसर की विधवा को बहला-फुसलाकर ज़मीन अपने नाम लिखवा ली ।

(iv) 'गाँव के लोग उनके बारे में बहुत कुछ कहते-सुनते हैं ।' – में रेखांकित पदबंध का भेद है –

(A) क्रिया पदबंध (B) सर्वनाम पदबंध

(C) संज्ञा पदबंध (D) विशेषण पदबंध

(v) 'इलाके के मशहूर डाकू बुटन सिंह से उन लोगों ने बातचीत पक्की कर ली है ।' – इस वाक्य में संज्ञा पदबंध का उदाहरण छाँटकर लिखिए ।

(A) बातचीत पक्की कर ली है (B) इलाके के मशहूर

(C) बुटन सिंह से उन लोगों ने (D) इलाके के मशहूर डाकू बुटन सिंह

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $4 \times 1 = 4$

(i) निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटकर लिखिए :

(A) बूढ़ी नौकरानी सीता थी जो उसका दुख-दर्द समझती थी ।

(B) मुन्नी बाबू के लिए कोट का नया कपड़ा आया ।

(C) प्रश्न यह खड़ा हो गया कि फिर आखिर वह करे क्या ?

(D) टोपी शर्माया और उसके काले रंग पर लाली दौड़ गई ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(ii) 'जब तमाम बच्चे खिलखिलाकर हँस पड़े तो वह बिलकुल मर गया ।' – रचना के आधार पर इसका वाक्य भेद है –

(A) सरल वाक्य
(B) संयुक्त वाक्य
(C) मिश्र वाक्य
(D) साधारण वाक्य

(iii) स्तंभ–1 और स्तंभ–2 सुमेलित कीजिए और उचित विकल्प चुनकर लिखिए ।

	स्तंभ – 1		**स्तंभ – 2**
(1)	फ़ारसी की घंटी बजते ही हमारी छाती धक्–धक् करने लगती ।	(I)	संयुक्त वाक्य
(2)	फ़ारसी की घंटी बजती और हमारी छाती धक्–धक् करने लगती ।	(II)	मिश्र वाक्य
(3)	जैसे ही फ़ारसी की घंटी बजती वैसे ही हमारी छाती धक्–धक् करने लगती ।	(III)	सरल वाक्य

(A) (1-II), (2-III), (3-I)
(B) (1-III), (2-I), (3-II)
(C) (1-I), (2-III), (3-II)
(D) (1-III), (2-II), (3-I)

(iv) निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य है :

(A) बचपन की यादें मन को गुदगुदाने वाली होती हैं ।
(B) हमारे हेडमास्टर शर्मा जी थे और वह एक लड़के को उसके घर पढ़ाया करते थे ।
(C) बचपन की जो यादें होती हैं वह मन को गुदगुदाने वाली होती हैं ।
(D) यादें बचपन की हैं इसलिए मन को गुदगुदाने वाली हैं ।

(v) 'जब हम बहुत छोटे थे तो उनकी बोली कम समझ पाते ।' इस वाक्य का संयुक्त वाक्य में रूपांतरित वाक्य होगा –

(A) उनकी बोली न समझ पाने का कारण हमारा छोटा होना था ।
(B) क्योंकि हम बहुत छोटे थे इसलिए उनकी बोली कम समझ पाते थे ।
(C) छोटे होने के कारण हम उनकी बोली कम समझ पाते थे ।
(D) हम बहुत छोटे थे इसलिए उनकी बोली कम समझ पाते थे ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित निम्नलिखित **पाँच** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्पों को चुनकर लिखिए : **4 × 1 = 4**

(i) 'शिवालय' समस्तपद कौन-से समास का उदाहरण है ?

(A) अव्ययीभाव समास (B) कर्मधारय समास

(C) बहुव्रीहि समास (D) तत्पुरुष समास

(ii) 'देशनिर्वासित' इस समस्तपद का विग्रह होगा –

(A) देश से निर्वासित (B) देश हेतु निर्वासित

(C) देश पर निर्वासित (D) देश को निर्वासित

(iii) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए :

	समस्तपद		**समास**
(1)	नरसिंह	(I)	तत्पुरुष
(2)	धूपदीप	(II)	अव्ययीभाव
(3)	दानवीर	(III)	कर्मधारय
(4)	आजन्म	(IV)	द्वंद्व

उपर्युक्त युग्मों को सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए :

(A) (1-II), (2-III), (3-I), (4-IV)

(B) (1-IV), (2-I), (3-III), (4-II)

(C) (1-III), (2-IV), (3-I), (4-II)

(D) (1-I), (2-II), (3-IV), (4-III)

(iv) 'मेघनाद' समस्तपद के लिए सही समास-विग्रह और समास के नाम का चयन कर लिखिए :

(A) मेघ रूपी नाद वाला – तत्पुरुष

(B) मेघ के समान नाद है जिसका – बहुव्रीहि

(C) मेघ के समान नाद है जो – अव्ययीभाव

(D) मेघ के समान नाद वाला – तत्पुरुष

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(v) निम्नलिखित में द्विगु समास का उपयुक्त उदाहरण छाँटकर लिखिए :

(A) घी–शक्कर (B) नवनिधि

(C) पतझड़ (D) मृगलोचन

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित निम्नलिखित **छह** बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के सही उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : $4 \times 1 = 4$

(i) मुहावरे और अर्थ के उचित मेल वाले विकल्प का चयन कर लिखिए ।

(A) मुठभेड़ होना – मार डालना

(B) सिर फिरना – चक्कर आना

(C) नामोनिशान मिटाना – सब कुछ नष्ट करना

(D) तीर मारना – निशाना लगाना

(ii) 'कठिन परिश्रम करना/कठिनाई का अनुभव होना' अर्थ के लिए उचित मुहावरा है –

(A) जिगर के टुकड़े-टुकड़े होना (B) दाँतों पसीना आना

(C) दीन दुनिया से जाना (D) हाथ-पाँव फूल जाना

(iii) 'लोहे के चने चबाना' – मुहावरे का अर्थ है –

(A) जानबूझकर मुसीबत मोल लेना (B) बहुत तेज़ दौड़ना

(C) असंभव कार्य को संभव करना (D) कठिन कार्य करना/संघर्ष करना

(iv) रेखांकित अंश के लिए कौन-सा मुहावरा प्रयुक्त करना उचित रहेगा ?

'एक-एक अक्षर अच्छी तरह पढ़ने पर भी बड़े भाई साहब की डाँट-डपट खानी पड़ती थी ।'

(A) ज़हर लगना (B) घुड़कियाँ खाना

(C) त्यौरियाँ चढ़ाना (D) आँख बचाना

(v) 'पुलिस चोर को _____ चाहती थी इसलिए जाल बिछाये बैठी थी ।' – रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त मुहावरे वाला विकल्प चुनकर लिखिए ।

(A) रँगे हाथों पकड़ना (B) तार-तार होना

(C) आँखों में धूल झोंकना (D) जान बख़्शी करना

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(vi) "अत्यंत लज्जाजनक स्थिति में होना" अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा है

(A) सिर-आँखों पर बैठाना (B) एक और एक ग्यारह होना

(C) पैसे-पैसे को मुहताज होना (D) चुल्लू भर पानी में डूब मरना

7. निम्नलिखित पठित पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढ़ै बन माँहि ।
ऐसैं घटि घटि राँम है, दुनियाँ देखै नाँहिं ।।

जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि हैं मैं नाँहि ।
सब अँधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या माँहि ।।

(i) 'कस्तूरी कुंडलि बसै ...' दोहे में किसका वर्णन किया गया है ?

(A) कस्तूरी ढूँढ़ने वाले मृग का (B) सांसारिकता में लीन मानव का

(C) अपनी ही विशेषता से अनजान मनुष्य का (D) ईश्वर की सर्वव्यापकता का

(ii) 'जब मैं था तब हरि नहीं' पंक्ति में 'मैं' से अभिप्राय है –

(A) अहंकार की भावना (B) स्वार्थ की भावना

(C) सांसारिक माया-मोह (D) स्वयं कवि

(iii) 'जब मैं था तब हरि नहीं' दोहे के अनुसार हृदय में ईश्वर का निवास कब तक असंभव है ?

(A) जब तक सच्चे हृदय से उसे याद न किया जाए ।

(B) जब तक सांसारिक विषय-वासनाओं को न छोड़ा जाए ।

(C) जब तक अहंकारपूर्ण व्यवहार का नाश न किया जाए ।

(D) जब तक सच्चे हृदय से उसकी सेवा न की जाए ।

(iv) 'जब दीपक देख्या माँहि' – पंक्ति में 'दीपक' प्रतीकार्थ है –

(A) प्रभु प्रेम के प्रकाश का (B) रोशनी के साधन का

(C) प्रकाश का (D) संपन्नता का

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(v) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन : ईश्वर सृष्टि के कण-कण में निवास करते हैं पर हम उन्हें देख नहीं पाते ।

कारण : मनुष्य के पास दिव्य-दृष्टि नहीं है ।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

8. काव्य-खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सर्वाधिक उचित उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) 'मनुष्यता' कविता से उद्धृत – "तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे" – पंक्ति का भाव है –

(A) सामर्थ्य के अनुसार दूसरों की रक्षा करनी चाहिए ।

(B) मानव जीवन की सार्थकता सबको साथ लेकर चलने में है ।

(C) अपनी ही उन्नति में संतुष्ट नहीं रहना चाहिए ।

(D) सामर्थ्य के अनुसार तैरने वाले व्यक्ति की रक्षा करनी चाहिए ।

(ii) 'कर चले हम फिदा' कविता में किसका हाथ तोड़ने की बात कही गई है ?

(A) सीता का दामन छूने वाले पापियों की

(B) धरती माता की पवित्रता नष्ट करने वालों की

(C) सीता का अपहरण करने वाले रावण की

(D) देश सेवा से पीछे हटने वाले कायरों की

9. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

दुनिया कैसे वजूद में आई ? पहले क्या थी ? किस बिंदु से इसकी यात्रा शुरू हुई ? इन प्रश्नों के उत्तर विज्ञान अपनी तरह से देता है, धार्मिक ग्रंथ अपनी-अपनी तरह से । संसार की रचना भले ही कैसे हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है । पंछी, मानव, पशु, नदी, पर्वत, समंदर आदि की इसमें बराबर की हिस्सेदारी है । यह और बात है कि इस हिस्सेदारी में मानव जाति ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दी हैं । पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था अब टुकड़ों में बँटकर एक-दूसरे से दूर हो चुका है । पहले बड़े-बड़े दालानों-आँगनों में सब मिल-जुलकर रहते थे, अब छोटे-छोटे डिब्बे जैसे घरों में जीवन सिमटने लगा है । बढ़ती हुई आबादियों ने समंदर को पीछे सरकाना शुरू कर दिया है, पेड़ों को रास्तों से हटाना शुरू कर दिया है, फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया है । बारूदों की विनाशलीलाओं ने वातावरण को सताना शुरू कर दिया । अब गरमी में ज़्यादा गरमी, बेवक्त की बरसातें, ज़लज़ले, सैलाब, तूफान और नित नए रोग, मानव और प्रकृति के इसी असंतुलन के परिणाम हैं ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

(i) गद्यांश में आई पंक्ति – 'पहले पूरा संसार एक परिवार के समान था अब टुकड़ों में बँटकर एक-दूसरे से दूर हो चुका है ।' का भाव है –

(A) संसार देश और प्रांत में बँट चुका है ।

(B) संयुक्त परिवार एकल परिवारों में बँट गए हैं ।

(C) वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना समाप्त हो गई है ।

(D) एक देश से दूसरे देश को जाना कठिन हो गया है ।

(ii) गद्यांश में प्रयुक्त 'छोटे-छोटे डिब्बे जैसे घर' – संकेत करते हैं –

(A) फ़्लैट संस्कृति की ओर (B) छोटे-छोटे घरों की ओर

(C) एक कमरे के घरों की ओर (D) बहुमंजिला इमारतों की ओर

(iii) बढ़ती हुई आबादी को बसाने के लिए क्या नहीं किया गया ?

(A) समंदर की जमीन को हथियाना शुरू कर दिया गया ।

(B) वन प्रदेश का सफाया करना शुरू कर दिया गया ।

(C) पशु-पक्षियों को घर से बेघर कर दिया गया ।

(D) खनिज पदार्थों का मनमाना दोहन किया गया ।

(iv) गद्यांश के अनुसार बढ़ती प्राकृतिक आपदाएँ परिणाम हैं –

(A) दिनोंदिन बढ़ने वाले प्रदूषण का (B) मनुष्य के बढ़ते लालच का

(C) मानव और प्रकृति के बीच असंतुलन का (D) पर्वतीय प्रदेशों में होने वाले कटाव का

(v) निम्नलिखित कथन तथा कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :

कथन : फैलते हुए प्रदूषण ने पंछियों को बस्तियों से भगाना शुरू कर दिया है ।

कारण : मानव ने अपनी बुद्धि से बड़ी-बड़ी दीवारें खड़ी कर दी हैं ।

(A) कथन तथा कारण दोनों गलत हैं ।

(B) कथन गलत है, लेकिन कारण सही है ।

(C) कथन सही है, लेकिन कारण उसकी गलत व्याख्या करता है ।

(D) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

10. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए : **2 × 1 = 2**

(i) 'तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए कि फिल्मों में त्रासद स्थितियों की भी प्रशंसा (ग्लोरीफाई) क्यों की जाती है ?

(A) अधिक से अधिक धन कमाने हेतु (B) दर्शकों का मनोरंजन करने हेतु

(C) अधिकाधिक लोकप्रियता पाने हेतु (D) दर्शकों का भावात्मक शोषण करने हेतु

(ii) 'बड़े भाई साहब' पाठ के कथानायक के आँसू बहाने का कारण है –

(A) आगे की कक्षा की कठिन पढ़ाई का डर (B) बड़े भाई साहब की डाँट-फटकार

(C) अम्मा-बाबा की याद आना (D) अध्यापकों की डाँट-फटकार

खंड – 'ब'

(वर्णनात्मक प्रश्न)

11. गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'बड़े भाई साहब' पाठ से उद्धृत पंक्ति – 'तालीम जैसे महत्त्व के मामले में ज़ल्दबाज़ी से काम लेना पसंद नहीं करते थे ।' – का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ख) 'तीसरी कसम फिल्म नहीं, सैल्यूलाइड पर लिखी कविता थी ।' पाठ के आधार पर सिद्ध कीजिए ।

(ग) 'कारतूस' एकांकी के आधार पर लिखिए कि जिस वजीर अली को पकड़ने के लिए कर्नल जंगल में खेमा डाले हुए था, एकांकी के अंत में वह उसकी प्रशंसा क्यों करता है ?

12. काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'कर चले हम फिदा' कविता से उद्धृत – 'साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई' – पंक्ति के संदर्भ में सैनिक जीवन की कठिनाइयों का उल्लेख कीजिए ।

(ख) 'तोप' कविता के आधार पर लिखिए कि पूर्वजों से मिली धरोहर का क्या महत्त्व है ? इन्हें सँभालकर क्यों रखा जाता है ?

(ग) मीरा के 'पद' के आधार पर लिखिए कि द्रौपदी, प्रह्लाद आदि का उल्लेख कर मीरा भगवान को उनका कौन-सा रूप स्मरण करवा रही है और क्यों ?

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

futuretopper.in

13. पूरक पाठ्यपुस्तक पर आधारित निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में दीजिए : **2 × 3 = 6**

(क) हरिहर काका की जमीन हड़पने के लिए महंत द्वारा धर्म, माया-मोह का सहारा लिया गया, अपहरण करवाया गया । उनका ऐसा करना आपकी दृष्टि में कितना उचित है ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

(ख) 'उम्र का फासला आत्मीय संबंधों में बाधा नहीं बनता ।' 'हरिहर काका'और 'टोपी शुक्ला' कहानी के आधार पर सिद्ध कीजिए ।

(ग) 'सपनों के से दिन' पाठ के आधार पर लिखिए कि बच्चों का खेलकूद में अधिक रुचि लेना अभिभावकों को अप्रिय क्यों लगता है ? पढ़ाई के साथ खेलों का छात्र जीवन में क्या महत्त्व है ? इससे किन जीवन-मूल्यों की प्रेरणा मिलती है ?

14. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग **100** शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **5**

(क) ध्वनि प्रदूषण

संकेत बिंदु – • अर्थ • इसके कारण • हानि • समाधान

(ख) मेरा प्रिय खिलाड़ी

संकेत बिंदु – • नाम • प्रिय लगने के गुण/कारण • उनके जैसा बनने की इच्छा

(ग) परहित सरिस धर्म नहि भाई

संकेत बिंदु – • अर्थ • जीवन की सार्थकता • आनंद का स्रोत

15. (क) अपने आपको राजकीय माध्यमिक विद्यालय के छात्र कल्याण परिषद् का अध्यक्ष रवि/रवीना मानते हुए अपने ही विद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य को विद्यालय में आयोजित खेल दिवस के कार्यक्रम में अध्यक्ष पद हेतु आमंत्रित करते हुए लगभग **100** शब्दों में पत्र लिखिए । **5**

अथवा

(ख) आपका नाम दीपक/दीपिका है । आपकी दसवीं कक्षा की अंक-सूची कही खो गई है । अंक-सूची की द्वितीय प्रति मँगवाने हेतु क.ख.ग. बोर्ड को लगभग **100** शब्दों में प्रार्थना-पत्र लिखिए । **5**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

16. (क) आपके विद्यालय में आपदा प्रबंधन कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । छात्र कल्याण परिषद् के सचिव होने के नाते कक्षा **9** से **12** तक सभी छात्रों को इस कार्यशाला की विस्तृत जानकारी देते हुए लगभग **60** शब्दों में एक सूचना-पत्र तैयार कीजिए । **4**

अथवा

(ख) ग्रीष्मावकाश के दौरान आपके विद्यालय में छात्राओं के लिए आत्मरक्षा शिविर का आयोजन किया जा रहा है । शारीरिक शिक्षा अध्यापक की ओर से कक्षा **6** से **12** तक सभी छात्राओं को इस शिविर की विस्तृत जानकारी देने हेतु लगभग **60** शब्दों में एक सूचना-पत्र तैयार कीजिए । **4**

17. (क) अपने विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित हस्तकला की वस्तुओं की प्रदर्शनी के प्रचार-प्रसार हेतु लगभग **40** शब्दों में एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए । **3**

अथवा

(ख) किसी दैनिक समाचार-पत्र में प्रकाशित करने के लिए विज्ञापन का प्रारूप लगभग **40** शब्दों में तैयार कीजिए जिसमें आपके पिताजी द्वारा बेची जाने वाली कार की विस्तृत जानकारी दी गई हो । **3**

18. (क) 'सबसे बड़ा खजाना' विषय पर लगभग **100** शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । **5**

अथवा

(ख) अपने नये मकान में गृह प्रवेश के उपलक्ष्य में आयोजित प्रीतिभोज में सम्मिलित होने के लिए अपने मित्र को ई-मेल द्वारा निमंत्रण भेजिए जिसमें सपरिवार पधारने का निवेदन किया गया हो । **5**

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE

Official CBSE question paper from cbse.gov.in | futuretopper.in
futuretopper.in is not linked to or endorsed by CBSE